फर्द अहकाम

(नियम 26)

**न्यायालय भू0 अभिलेख अधिकारी एवं पदेन् उपखण्ड अधिकारी, बाली जिला पाली (राजस्थान)**

**प्रार्थी**
मोहनलाल पुत्र देवारामजी जाति जणवा
निवासी लुणावा तहसील बाली जिला पाली (राज0)

**बनाम**

**अप्रार्थी**
राजस्थान सरकार जरिये
(भूमिधारी) तहसीलदार, बाली

**किस्म मुकदमा राजस्व विविध Gcms no. 2024/81**
**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131 राजस्थान भूराजस्व अधिनियम, 1956**

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुये |
|---|---|---|
| 05 03 2024 | प्रार्थी मोहनलाल द्वारा अपनी खातेदारी भूमि ग्राम लुणावा के खसरा नंबर 203 व 204 कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.41 हैक्टर की सिंचाई हेतू खसरा नंबर 204 में 8–10 वर्ष पूर्व खोदे गये बेरे की नक्शे में तरमीम के लिए आवेदन पेश किया गया। प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में तहसीलदार बाली से जांच रिपार्ट ली गई। निरीक्षक भू.अ. सेवाडी व तहसीलदार बाली ने कार्यालय पत्रांक/राजस्व/2024/1894 दिनांक 13.02.2024 से प्रार्थी की खातेदारी भूमि लुणावा के खसरा नंबर 204 रकबा 0.25 हैक्टर किस्म चाही प्रथम में 8–10 वर्ष पूर्व खोदे गये बेरे की तरमीम किये जाने की अनुशंषा की गई। प्रकरण राजस्व विविध में पंजिबद्ध किया जावे।<br>पत्रावली व उपलब्ध रिकॉर्ड का अध्ययन किया गया। राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 व राजस्थान लैण्ड रिकॉर्ड रूल्स 1957 के नियम 60 व 71 एवं नियम 354 में वर्णित विधि के प्रावधानों का अध्ययन किया गया। उपलब्ध रिकॉर्ड के अध्ययन व राजस्थान लैण्ड रिकॉर्ड रूल्स 1957 के नियम 60, 71 एवं बतौर लैण्ड रिकॉर्ड अधिकार नियम 354 में वर्णित प्रावधानों पर मनन के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है। माफिक रिपोर्ट तहसीलदार बाली राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 के तहत प्रार्थी की खातेदारी भूमि खसरा नंबर 204 रकबा 0.25 हैक्टर में मौके पर खोदे गये बेरे 0.01 हैक्टर की नक्शे में तरमीम निरीक्षक भू.अ. सेवाडी द्वारा प्रस्तुत नजरी नक्शा के अनुरूप किये जाने के आदेश किये जाते है। तहसीलदार बाली व भू.अ. सेवाडी द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट व नजरी नक्शा को आदेश का भाग माना जावे। तहसीलदार बाली व पटवारी हल्का लुणावा आदेशानुसार रेकॉर्ड में अमल दरामद के साथ राजस्व नक्शे में तरमीम कर पालना रिपोर्ट पेश करें। आदेश प्रति तहसीलदार बाली, भू.अ. सेवाडी व पटवारी हल्का लुणावा को पालनार्थ भिजवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।<br><br>सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी, बाली<br>उपखण्ड अधिकारी बाली (जिला–पाली) राज.<br>(मुहर: न्यायालय उप-खण्ड अधिकारी, बाली, जिला-पाली (राज.)) | |

Scanned by CamScanner

राजस्थान सरकार

# कार्यालय तहसीलदार, बाली जिला–पाली (राज.)

/राजस्व/2024/1894 दिनांकः 13.02.2024

षितिः–

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय,
बाली

विषयः–मोहनलाल पुत्र देवाराम जाति जणवा निवासी लुणावा की कृषि भूमि में स्थित बेरे को राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज बाबत् जांच रिपोर्ट।

प्रसंगः–आप श्रीमानजी का पत्र क्रमांक/राजस्व/421 दिनांक 22.08.2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासांगिक पत्र के सन्दर्भ में निवेदन है कि प्राथी श्री मोहनलाल पुत्र देवाराम जाति जणवा निवासी लुणावा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में भू.अ. सेवाड़ी से जांच रिपोर्ट ली गई। भू.अ. निरीक्षक, सेवाड़ी से प्राप्त बिन्दुवार जांच रिपोर्ट निम्नानुसार है:–

1. मौजा लुणावा के खसरा नंबर 203 व 204 कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.4100 हैक्टर भूमि आवेदक प्रार्थी श्री मोहनलाल पुत्र देवाराम जाति जणवा सा. लुणावा की खातेदारी भूमि है।
2. प्रार्थी के खसरा नंबर 204 रकबा 0.2500 हैक्टर किस्म चा.प्र. में लगभग 8–10 वर्ष पुराना बेरा खोदा हुआ है, जिसका रकबा 0.0100 हैक्टर है। उक्त बेरा राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है।
3. प्रार्थी की भूमि में उक्त बेरे के अलावा अन्य कोई सिचांई का स्त्रोत उपलब्ध नहीं है।
4. प्रार्थी द्वारा उक्त बेरे के पानी का उपयोग कृषि कार्य हेतु ही किया जाता है।

अतः संलग्न नक्शे अनुसार प्रार्थी की भूमि में स्थित बेरे की अलग से तरमीम करने की अनुशंषा के साथ जांच रिपोर्ट श्रीमानजी को सादर प्रेषित है।

संलग्नः–जमाबंदी एवं नक्शा।

(हरेन्द्र सिंह चौहान)
तहसीलदार, बाली

207
15/2/24

राजस्व
कोर्ट
15-2-24

Scanned by CamScanner

सेवा में,

श्रीमान तहसीलदार साहब,
बाली

विषय:- मोहनलाल पु. देवाराम जाति जणवा निवासी लुणावा की कृषि भूमि मे स्थित बेरे की राजस्व रिकार्ड मे इन्द्राज बाबत् जांच रिपोर्ट

प्रसंग:- श्रीमानजी के पत्रांक /राजस्व/ 853-54 दि० 25/08/23 की पालना मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि प्रार्थी श्री मोहनलाल पु देवाराम जाति जणवा निवासी लुणावा के प्रार्थना पत्र की मय राजस्व रिकार्ड, मौकानुसार जांच की गई, जांच रिपोर्ट बिन्दुवार निम्नानुसार है-

(1) - मौजा लुणावा के ख० न० 203 व 204 कुल खसरा = 02 कुल रकबा = 0.41 हैक्टर भूमि आवेदक प्रार्थी श्री मोहनलाल पु देवाराम, जाति जणवा सा. लुणावा की खातेदारी भूमि है।

(2) प्रार्थी के खसरा नम्बर 204 रकबा 0.25 हैक्टर किस्म चा.प. मे लगभग 8-10 वर्ष पुराना बेरा खोदा हुआ है, जिसका रकबा 0-010 हैक्टर है। उक्त बेरा राजस्व रिकार्ड मे दर्ज नही है।

Scanned by CamScanner

(3) - प्रार्थी की भुमि मे उक्त बेरे के अलावा अन्य कोई सिन्चाई का स्त्रोत उपलब्ध नही है

(5) प्रार्थी द्वारा उक्त बेरे के पानी का उपयोग कृषि कार्य हेतु ही किया जाता है

अतः सलग्न नक्शे अनुसार प्रार्थी की भुमि मे स्थित बेरे को अलग से तरमीम करने की अनुशंषा के साथ जान्च रिपोर्ट श्रीमानजी की सेवा मे सादर प्रेषित है

सलग्न


जमाबन्दी नकल

नक्शा।

03/10/23

ILR सेवाड़ी

Scanned by CamScanner



Scanned by CamScanner